Nai Dunia (Indore), 12th June 2026, Nai Dunia City, Page-IV

आइआइटी इंदौर का दीक्षा समारोह 27 को

इंदौरः इंडियन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी (आइआइटी) इंदौर का 14वां दीक्षा समारोह 27 जून को रखा गया है। इस दौरान संस्थान के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड और सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। पीएचडी कर चुके शोधार्थियों को उपाधि से देंगे।

समारोह के मुख्य अतिथि नीति आयोग के सदस्य और भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के पूर्व सचिव प्रो. अभय करंदीकर होंगे। अध्यक्षता भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व चेयरमैन और वर्तमान में आइआइटी इंदौर के बोर्ड आफ गवर्नर्स (बीओजी) के चेयरपर्सन डा के सिवन करेंगे। दीक्षा समारोह दोपहर 2.30 बजे से शुरू होगा। शुरुआत में निदेशक डा. सुहास जोशी पिछले शैक्षणिक सत्र को लेकर संस्थान की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। साथ ही संस्थान की उपलब्धियों, शैक्षणिक गतिविधियों और विकास से जुड़ी जानकारी साझा की जाएगी। संस्थान ने समारोह में शामिल होने के लिए विशेष व्यवस्था की है, जो अभिभावक या पूर्व छात्र कैंपस में मौजूद नहीं रह पाएंगे, वे भी इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम से जुड़ सकेंगे। समारोह का सीधा प्रसारण आइआइटी इंदौर की वेबसाइट के वेब पोर्टल पर किया जाएगा।